आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 13.03.2026
समय 1830/1850

मुख्य समाचार :–

- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा– भारत पेट्रोल और डीजल उत्पादन में आत्मनिर्भर।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज असम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी की।
- उत्तराखंड विधानसभा में बजट सत्र के पांचवें दिन 11 विधेयक पारित। बजट पर चर्चा जारी।
- पिथौरागढ़ के नैनी–सैनी हवाई अड्डा से देहरादून के लिए इस माह से नियमित उड़ान सेवा शुरू होगी।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने आज बताया कि भारत में कच्चे तेल की रिफाइनिंग क्षमता 258 मिलियन मीट्रिक टन है। उन्होंने कहा कि देश पेट्रोल और डीजल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है और इनके आयात की कोई आवश्यकता नहीं है। सभी रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता या उससे अधिक पर काम कर रही हैं।

संयुक्त सचिव ने कहा कि कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। प्राकृतिक गैस नियंत्रण आदेश के तहत घरेलू पीएनजी और वाहनों के लिए सीएनजी की आपूर्ति बिना किसी कटौती के सुनिश्चित की जा रही है।

उन्होंने कहा कि बड़े शहरों में कुछ वाणिज्यिक उपभोक्ता एलपीजी पर निर्भरता के कारण कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। सरकार उनकी समस्या का समाधान करने के प्रयास कर रही है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज असम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी की। इस अवसर पर लगभग 9 करोड़ 32 लाख किसानों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से 18 हजार 640 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई।

इस योजना के अंतर्गत अब तक किसानों के खातों में 4 लाख 9 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि अंतरित की जा चुकी है। नई किस्त जारी होने के साथ ही योजना के तहत किसानों को दी गई कुल सहायता राशि 4 लाख 27 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से देश के करोड़ों किसानों को सीधे आर्थिक सहायता मिल रही है।

बजट सत्र

चमोली जिले के गैरसैंण स्थित भराड़ीसैंण में राज्य विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन अब तक कुल 11 विधेयक पारित हो चुके हैं। गैरसैंण से हमारे संवाददाता ने बताया कि आज वर्ष 2026–2027 का बजट भी पास होने की संभावना है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा में कहा कि हाल ही में नीति आयोग द्वारा प्रकाशित वित्तीय स्वास्थ्य सूचकांक 2026 (रिपोर्ट 2023–24) में उत्तराखंड के वित्तीय प्रबंधन की सराहना की गई है। इस रिपोर्ट में राज्य को उत्तर–पूर्वी और हिमालयी राज्यों की श्रेणी में दूसरा स्थान मिला है।

उन्होंने बताया कि यह सफलता राजस्व वृद्धि, व्यय की गुणवत्ता में सुधार, घाटा प्रबंधन और ऋण प्रबंधन में अपनाई गई मजबूत नीतियों का परिणाम है।

हवाई सेवा

पिथौरागढ़ जिले के नैनी-सैनी हवाई अड्डा से देहरादून के लिए इस महीने से नियमित उड़ान सेवा शुरू की जाएगी। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बताया कि इस रूट पर अब एलायंस एयर के 42 सीटों वाले विमान संचालित किए जाएंगे, जिससे यात्रियों को बेहतर और नियमित हवाई सुविधा मिल सकेगी।

उन्होंने कहा कि उड़ान सेवा शुरू होने से जिले की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और पर्यटन, व्यापार तथा आपातकालीन आवागमन में भी बड़ी सुविधा मिलेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रशासन ने उड़ान संचालन से संबंधित सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है।

निलंबित

हरिद्वार जिले में अवैध खनन से जुड़े एक ऑडियो के सामने आने के बाद इकबालपुर पुलिस चौकी प्रभारी सहित छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच पुलिस अधीक्षक (देहात) को सौंपी गई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य में अवैध खनन, भ्रष्टाचार या किसी भी प्रकार की अनियमितता को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच सुनिश्चित की जाए और दोषी पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

वनाग्नि

गर्मियों का मौसम शुरू होते ही चमोली और टिहरी जिलों के जंगलों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

चमोली जिले में कर्णप्रयाग–लंगासू क्षेत्र के पास जंगलों में भीषण आग धधक रही है, जिससे वन संपदा को नुकसान पहुंच रहा है। वन विभाग की ओर से आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं, लेकिन कई स्थानों पर अभी तक पूरी तरह नियंत्रण नहीं पाया जा सका है।

वहीं टिहरी वन प्रभाग के अंतर्गत भिलंगना, बालगंगा, पौखाल और टिहरी रेंज में जंगलों में लगी आग से कई हेक्टेयर वन संपदा को नुकसान पहुंचा है।

आग के कारण वातावरण में धुआं फैल गया है, जिससे दृश्यता कम हो गई है। टिहरी के प्रभागीय वनाधिकारी पुनीत तोमर ने बताया कि 15 फरवरी से फायर सीजन शुरू हो चुका है और वनाग्नि की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए विभाग की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।